<u>प्रेस-विज्ञप्ति</u>

पटना, 04.04.2020
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

डब्लू.एच.ओ. (World Health Organization) ने नोवेल कोरोना वायरस (2019-NCoV) महामारी को अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल(International Public Health Emergency) घोषित कर दिया है।

अभी तक विश्व में नोवेल कोरोना वायरस के 972303 मामले प्रतिवेदित हुए हैं, जिनमें 50322 लोगों की मृत्यू हो चुकी है। भारत में कोरोना वायरस से ग्रसित 1965 मरीज प्रतिवेदित हुए हैं। 15 जनवरी 2020 से अभी तक बिहार में कोरना वायरस ग्रसित देशों से लौटे 7448 यात्रियों को Surveillance में रखा गया है। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने आमजनों से एक दूसरे के व्यक्तिगत वस्तु जैसे- मोबाईल, पर्स इत्यादि न छुने, निश्चित रूप से Social Distancing(सामाजिक दूरी) बनाए रखने, भीड़-भाड़ वाले इलाके में न जाने एवं निरंतर हाथ धोते रहने की अपील की है।

विश्व भर में नोवेल कोरोना वायरस के प्रतिवदित मामलों को देखते हुए बिहार सरकार द्वारा की गई तैयारियां:-

- 25 जनवरी 2020 को नोवेल कोरोना वायरस पर एडवाईजरी भेज दी गई थी। जिलों और मेडिकल कॉलेजों के लिए SOP(Standard Operating Procedure) भी उपलब्ध कराया गया है।
- पटना एवं गया एयरपोर्ट पर जनमानस की जानकारी के लिए स्वास्थ्य चेतावनी(Health Alert) एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए एडवाईजरी को प्रदर्शित किया गया है। हवाई अड्डों पर अलगाव वार्ड(Isolation Ward) का निर्माण किया गया है। प्रभावित देशों के यात्रियों की लाइन लिस्टिंग और हवाई अड्डे के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आई.ई.सी. सामग्री का प्रदर्शन सुनिश्चित किया गया है।
- कोरोना वायरस के संदर्भ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की बैठक करने का निर्देश दिया गया है। सभी पंचायती राज सदस्य, ए.एन.एम, आंगनबाड़ी सेवक, हेल्थ केयर वर्कर को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक किया गया है।
- नेपाल में नोवेल कोरोना वायरस से प्रतिवेदित मरीज में इस वायरस की पूष्टि होने के कारण नेपाल से सटे सीमावर्ती जिलों पर पारगमन बिंदुओं(Transit Point) पर निगरानी बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अररिया, वैशाली, गया और नालंदा में बौद्ध स्थलों पर भी निगरानी की जा रही है।
- सभी 38 जिलों को अलगाव और नमूना संग्रह(Isolation and Sample Collection) के लिए 9 मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों से जोड़ा गया है। कोरोना वायरस से संबंधित गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रत्येक जिले और MCH(Medical College and Hospital) में नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।
- सभी होटलों में खास कर गया, वैशाली, नालंदा एवं अररिया के होटलों में एडवाईजरी जारी करते हुए लक्षणात्मक यात्रियों पर विशेष निगरानी रखने की हिदायत दी गई है।
- जिलों को स्कूलों का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।
- PPE(Personal Protection Equipments) Kits, एन-95 मास्क, इन्फ्रारेड थर्मामीटर सभी जिलों एवं मेडिकल कॉलेजों को उपलब्ध करा दिया गया है।
- सभी जिलों और मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को ग्राम सभा की बैठकों के लिए आईईसी सामग्री और टॉकिंग पॉइंट प्रदान किए गए हैं।
- भारत-नेपाल सीमा पर टीमों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है।

- गया द्वारा की जाने वाली अतिरिक्त तैयारियों पर राज्य का फीडबैक गया जिले और हवाई अड्डे को भेज दिया गया है।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार के साथ रिपोर्टो का दैनिक साझाकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।
- नेपाल से सटे 7 जिलों को कोरोना वायरस से संबंधित गतिविधियों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है।
- जिला स्तर की गतिविधियों की नियमित निगरानी की जा रही है। संदेहास्पद यात्रियों को चिन्हित कर 14 दिनों के लिए Surveillance पर रखा जा रहा है।
- इस वायरस से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 24X7 कॉल सेंटर नं. 104 को जनमानसों के बीच जारी कर दिया गया है। 1 मार्च से अब तक राज्य भर से कुल 29,451 कॉल कोरोना वायरस से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु किये गये हैं।
- मुख्य सचिव, बिहार सरकार की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर एक State Coordination Committee का गठन किया गया है। वहीं, जिलों में भी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में District Coordination Committee का गठन किया गया है।

बिहार में 04.04.2020 तक नोवेल कोरोना वायरस की स्थिति:

नेपाल के सीमावर्ती जिलों की संख्या	7
नेपाल के सीमावर्ती अनुमंडल की संख्या	30
राज्य में ग्राम पंचायतों की संख्या	8386
नेपाल की सीमा से लगे गाँव की संख्या	6364
भारत-नेपाल सीमा पर पारगमन बिंदुओं की संख्या	49
संक्रमित मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड में बेड की संख्या	896
लक्षणात्मक मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड में बेड की संख्या	4547
पारगमन बिंदुओं पर जांच किये गये यात्रियों की संख्या	441317
पारगमन बिंदुओं पर रोगसूचक(लक्षणात्मक) मामलों की संख्या	1
निगरानी के तहत बौद्ध स्पॉट की संख्या	6
ग्राम सभा की बैठकों की संख्या	4797
उन्मुखिकरण किये गये पंचायती राज की संख्या	9136
उन्मुखिकरण किये गये हेल्थ वर्कर्स की संख्या	76212
उन्मुखिकरण किये गये स्कूलों की संख्या	6907
गया/पटना एयरपोर्ट पर जांच किये गये यात्रियों की संख्या	21623
गया/पटना एयरपोर्ट पर रोगसूचक(लक्षणात्मक) यात्रियों की संख्या	0/6
एकत्रित किए गए नमूनों की संख्या	2291,(Positive:30, Negative:2257)
कोरोना वायरस के सकारात्मक मामले	30
निगरानी के लिए नामांकित किये गये यात्रियों की संख्या	7448
14 दिनों का निगराणी को पूरा करने वाले यात्रियों की संख्या	664
IEC सामग्री प्रदर्शित किये जाने वाले स्थानों की संख्या	1172

<u>स्वास्थ्य सलाह (Health Advisory)</u>

स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार राज्य के लोगों से अपील करता है कि वे किसी भी अफवाह से घबराएं नहीं। सभी से अनुरोध है कि हमारे द्वारा जारी किये गये स्वास्थ्य सलाह का पालन करें। छींकते/खासते समय नाक और मुंह को ढंककर रूमाल/तौलिया का उपयोग करें। हाथों को साबुन से धोते रहें। जो लोग कोरोना प्रभावित देशों से आए हैं, उन्हें घर पर ही रहना चाहिए और इस वायरस के लक्षण उनमें पाये जाने पर उन्हें घर से बाहर एवं सार्वजनिक स्थानों पर नहीं जाने की सलाह दी जाती है। लक्षणों वाले व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे तुरंत 104 पर कॉल करें या निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।